CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:15 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:40 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 137 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 20 नवंबर 2026

एक झलक को उमड़ा जनसैलाब...पेज-3 पर

जयमाला के बाद दूल्हे का यू-टर्न, सात फेरों से पहले शादी से इनकार

दुल्हन मंडप में रह गई अकेली, बाराती खिसके, देर रात तक कोतवाली में हंगामा, पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में लिया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



बाराती गायब, दूल्हा चौकी से कोतवाली पहुंचा

हंगामा बढ़ने पर ग्रामीणों ने दूल्हे को पकड़कर बिंदुखत्ता पुलिस चौकी पहुंचा दिया। चौकी पर काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास हुआ, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद चौकी प्रभारी गौरव जोशी दूल्हे को लालकुआं कोतवाली ले आए। देर रात तक युवती पक्ष के ग्रामीण कोतवाली में जमा रहे और दहेज मांगने के आरोप में कार्रवाई की मांग करते रहे। पुलिस को इस संबंध में तहरीर भी दी गई है।

शहनाइयां बज रही थीं, जयमाला हो चुकी थी, सात फेरों की तैयारी थी और दुल्हन नई जिंदगी के सपने संजोए मंडप में बैठी थी, लेकिन अचानक दूल्हे ने ऐसा पलटी मारी कि खुशियों वाला शादी समारोह विवाद, हंगामे और पुलिस कार्रवाई में बदल गया। फेरों से ठीक पहले दूल्हे ने शादी करने से इनकार कर दिया और मंडप से भागने की कोशिश की। इसके बाद बारात में अफरा-तफरी मच गई और बाराती भी धीरे-धीरे मौके से खिसकने लगे। आक्रोशित ग्रामीणों ने दूल्हे को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। देर रात तक लालकुआं कोतवाली में हंगामा और कार्रवाई की मांग जारी रही। बिंदुखत्ता के तिवारीनगर नर्सरी/शास्त्री नगर नर्सरी निवासी युवती का विवाह कालाढूंगी के चकलुवा क्षेत्र के फूलपुर गांव निवासी स्वर्गीय चंदन राम के बेटे उमेश के साथ तय हुआ था। दोनों के बीच करीब एक साल से मोबाइल पर बातचीत होने की बात भी सामने आई है। गुरुवार को धूमधाम से बारात पहुंची। स्वागत-सत्कार हुआ, भोजन कराया गया और जयमाला की रस्म भी पूरी हो गई। लेकिन जैसे ही फेरों की तैयारी शुरू हुई, दूल्हा अचानक शादी से पीछे हट गया। उसने युवती पर इधर-उधर देखने का आरोप लगाया और विवाह से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, वह मंडप से निकलकर भागने लगा। ग्रामीणों ने समझाने का प्रयास किया, मगर दूल्हा टस से मस नहीं हुआ। दुल्हन पक्ष के लोगों का आरोप है कि युवक पहले भी दहेज में कार की मांग करता रहा था, लेकिन परिवार ने उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया। शादी के लिए परिवार ने कर्ज तक लिया और अपनी हैसियत के अनुसार सामान भी दिया। इसके बावजूद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी से इनकार किए जाने का आरोप लगाया गया है। युवती पक्ष का कहना है कि दूल्हे ने जबरन शादी कराने पर जिम्मेदारी उनके ऊपर डालने की धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह राणा के अनुसार, दूल्हे को हिरासत में लिया गया है। युवती पक्ष ने दहेज मांगने के संबंध में तहरीर दी है। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सहमति नहीं बनने पर तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिस मंडप में सात फेरों के साथ नई जिंदगी शुरू होनी थी, वहां फेरों से पहले ही रिश्ते की डोर टूट गई। दुल्हन शादी के जोड़े में रह गई, बारात लौट गई और खुशियों का समारोह देर रात पुलिस चौखट पर विवाद बनकर खड़ा रहा।

News कॉर्नर

सीएम योगी की मां सावित्री देवी का निधन, कल हरिद्वार में होगा अंतिम संस्कार

देहरादून। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के परिवार में शोक की खबर है। उत्तराखंड स्थित उनके पैतृक गांव पंचूर में सावित्री देवी ने अंतिम सांस ली। उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां हरिद्वार में की जाएंगी। इस साल मई में गांव के दौरे के दौरान योगी ने मां से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी का आज 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने शुक्रवार सुबह 11 बजे पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक है। जानकारी के अनुसार, कल शनिवार को हरिद्वार में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपनी मां से आखिरी मुलाकात इसी साल मई में हुई थी। वह अपने दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर 7 मई को पैतृक गांव पंचूर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और परिजनों से मुलाकात की। 8 मई को कार्यक्रमों के बाद वह अपने पैतृक आवास पहुंचे, जहां उन्होंने मां सावित्री देवी का आशीर्वाद लिया था।

रुड़की व हरिद्वार में करेंगे बैठक और संवाद

सरसंघचालक आज से तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास पर

देहरादून

हमारे संवाददाता



सरसंघचालक डॉ.भागवत 20 से 22 नवंबर तक क्षेत्र व प्रांत के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ रुड़की व हरिद्वार में बैठक व संवाद करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष के बीच संगठन की गतिविधियों और भावी कार्ययोजना को लेकर उत्तराखंड में अहम मंथन होगा। इस दौरान सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों और राष्ट्रव्यापी अभियानों की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत आज शुक्रवार से तीन दिवसीय प्रवास पर उत्तराखंड आएंगे। इस दौरान वे क्षेत्र व प्रांत के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ रुड़की व हरिद्वार में बैठक व संवाद करेंगे।

संघ के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल ने बताया कि सरसंघचालक डॉ.भागवत 20 से 22 नवंबर तक क्षेत्र व प्रांत के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ रुड़की व हरिद्वार में बैठक व संवाद करेंगे। इन बैठकों में संघ के शताब्दी वर्ष के तहत पूरे वर्ष संचालित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही समसामयिक राष्ट्रीय व सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श होगा। प्रवास के दौरान वे क्षेत्र व प्रांत के प्रमुख परिवर्तन के उद्देश्य से संघ की ओर से संचालित पंच परिवर्तन के विषयों जैसे सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध (स्वदेशी) और नागरिक कर्तव्य सहित देशभर में नशामुक्ति जैसी सामाजिक बुराई का अंत करने के जागरूकता अभियानों पर भी चर्चा होगी। इन विषयों को लेकर संघ के कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर किस प्रकार भूमिका निभाएं, इन प्रयासों को व्यापक सामाजिक सहभागिता के साथ आगे बढ़ाएं, इस पर भी संवाद होगा। प्रांत कार्यवाह सेमवाल ने बताया कि इस प्रवास के दौरान हरिद्वार स्थित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के शताब्दी समारोह में सरसंघचालक की सहभागिता भी होगी। गायत्री परिवार ने अध्यात्म, संस्कार, शिक्षा, सामाजिक जागरण, नशामुक्ति एवं समाज सुधार सहित अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है।

आज से बढ़ेंगे आंचल दूध और दुग्ध उत्पादों के दाम, दूध 2 से 4 रुपये लीटर, घी 50 रुपये किग्रा महंगा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आंचल दूध और दुग्ध उत्पादों का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को शुक्रवार (आज) से अधिक कीमत चुकानी होगी। नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड लालकुआं ने दूध, पनीर व क्रीम और चाय स्पेशल सहित 13 उत्पादों की नई उपभोक्ता दरें जारी की हैं। नई दरों के अनुसार दूध की विभिन्न श्रेणियों में दो से चार रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की गई है।

संघ के सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा की ओर से जारी मूल्य सूची के अनुसार आंचल गोल्ड फुल क्रीम दूध की कीमत 72 से बढ़ाकर 76 रुपये प्रति लीटर, गाय के दूध की कीमत 58 से बढ़ाकर 60 रुपये प्रति लीटर और शक्ति स्टैंडर्ड दूध की कीमत 60 से बढ़ाकर 62 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। वहीं डबल टोंड दूध की कीमत 54 से बढ़ाकर 56 रुपये प्रति लीटर तथा 170 मिलीलीटर के पैकेट की कीमत 10 से बढ़ाकर 12 रुपये कर दी गई है। छह लीटर के गोल्ड फुल क्रीम दूध पैक की कीमत 426 से बढ़ाकर 4500 रुपये और शक्ति स्टैंडर्ड दूध पैक की कीमत 355 से बढ़ाकर 372 रुपये कर दी गई है। एक लीटर चाय स्पेशल पैक की कीमत 600 से बढ़ाकर 62 रुपये की गई है। 1800 ग्राम पनीर का पैकेट 800 से बढ़ाकर 85 रुपये और एक किलोग्राम क्रीम का पैक 5300 से बढ़ाकर 580 रुपये का कर दिया गया है।

चाय स्पेशल के छोटे पैकेटों में भी बदलाव किया गया है। 20 रुपये वाले पैकेट की मात्रा 3500 से घटाकर 320 मिलीलीटर और 10 रुपये वाले पैकेट की मात्रा 170 से घटाकर 1500 मिलीलीटर कर दी गई है। इनकी कीमत पहले जैसी ही रखी गई है जबकि संघ की मूल्य सूची में प्रति पैकेट 1.30 रुपये की वृद्धि भी दर्ज की गई है। संघ में प्रशासन एवं विपणन प्रभारी संजय भाकुनी ने बताया कि अन्य दुग्ध ब्रांडों ने भी अपने उत्पादों की कीमतों में चार रुपये तक की वृद्धि की है। उनके अनुसार अन्य ब्रांडों की तुलना में आंचल ने अपेक्षाकृत कम मूल्य वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि आंचल के इतिहास में पहली बार दूध की कीमतों में एकमुश्त तीन रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की गई है। दूध दैनिक आवश्यकता का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के कारण नई दरों का असर नियमित उपभोक्ताओं के घरेलू बजट पर पड़ेगा। वहीं पनीर और क्रीम के महंगे होने से इनका उपयोग करने वाले परिवारों तथा खाद्य कारोबार से जुड़े लोगों का खर्च भी बढ़ेगा। छोटे चाय स्पेशल पैकेटों में कीमत समान रहने के बावजूद मात्रा घटने से उपभोक्ताओं को अब कम उत्पाद मिलेगा।

उत्तराखंड में आज इगास-बूढ़ी दिवाली

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि देवभूमि उत्तराखंड का एकाशी त्यार (इगास,बूढ़ी दिवाली) एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस बार यह शुक्रवार (आज) मनाया जाएगा।

बताया कि इगास गढ़वाली भाषा का मूल शब्द है। गढ़वाल में से इगास तो कुमाऊँ में इसे एकाशि का त्यार कहते हैं या बूढ़ी दिवाली कहते हैं। इगास या एकाशि का शाब्दिक अर्थ 11 की संख्या से है ऐसा माना जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के अयोध्या लौटने का शुभ समाचार संदेश वाहक द्वारा हमारी देवभूमि उत्तराखंड तक पहुंचते पहुंचते 11 दिन का समय लगा था। अर्थात दीपावली के दिन से 11 दिन बाद इगास या एकाशि के दिन देवभूमि उत्तराखंड के लोगों ने दीप जलाकर एवं छिलके (चीड़ की ज्वलनशील लकड़ी) की मशाल से सभी नगरों गांव व घरों को रोशनी से जगमगाया और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के अयोध्या लौटने की खुशी में प्रसन्नता पूर्वक त्यौहार मनाया। सभी लोगों ने मीठे मीठे पकवान बनाकर यह महान उत्सव मनाया। हमारी देवभूमि के सभी जन बच्चे युवा वृद्ध सभी हर्षोल्लास के साथ यह त्यौहार मनाते हैं। इस दिन शाम को ह्यूलकि मह्यवाल (छिलके की मशाल) इका गड्ढा जलाया जाता है और ढोल दमाऊ की थाप में नृत्य किया जाता है। इस शुभ अवसर पर बैलों के सींगों में दुर्वा से सरसों का तेल लगाकर उन्हें च्यूड़े पूजने की परंपरा है। कुमाऊं में आज बैलों को फुन बांधते की परंपरा भी है।

कुमाऊं विवि में स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा आवेदन 30 नवंबर तक

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध परिसरों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय ने बीएए बीएससी और बीकॉम के विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए समर्थ पोर्टल 19 नवंबर से 30 नवंबर तक खोल दिया है।

विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार को जारी सूचना के अनुसार मुख्य परीक्षा पाठ्यक्रम कोड 101 एवं 102 व 103 के अंतर्गत स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थी निर्धारित अवधि में समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र भरने के साथ शुल्क जमा कर सकेंगे।

हल्द्वानी से दो लोग लापता, एक घर से निकली तो दूसरा ड्यूटी पर जाकर नहीं लौटा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में गुमशुदगी के दो अलग-अलग मामलों ने परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। रामपुर रोड के बैड़ा पोखरा क्षेत्र से महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, जबकि जीत कॉलोनी निवासी महेंद्र सिंह ड्यूटी के लिए घर से निकले और फिर वापस नहीं लौटे। दोनों मामलों में परिजनों की तलाश नाकाम रहने के बाद पुलिस से मदद मांगी गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैड़ा पोखरा, रामपुर रोड पंचायतघर निवासी नन्दन लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि परिवार की 29 वर्षीय आर्या 16 नवंबर को शाम घर से बिना बताए चली गई। काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में खोजबीन के बाद परिजनों ने कोतवाली हल्द्वानी में गुमशुदगी दर्ज कराई।

ड्यूटी के लिए निकला महेंद्र, मां देख रही राह: दूसरा मामला हरिपूर्णानन्द, जीत कॉलोनी क्षेत्र का है। यहां रहने वाली तारा देवी ने पुलिस को बताया कि उनका 38 वर्षीय बेटा महेंद्र सिंह 17 नवंबर की सुबह करीब नौ बजे मोटाहल्दू स्थित अपोलो टायर कंपनी में ड्यूटी के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने संभावित ठिकानों पर तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

तारा देवी के अनुसार बेटे का कोई सुराग न मिलने से परिवार परेशान है। मां की आंखें अब भी दरवाजे पर टिकी हैं कि शायद बेटा लौट आए। इस मामले में 19 नवंबर को कोतवाली हल्द्वानी में गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस दोनों मामलों में लापता लोगों की तलाश कर रही है।

डीएसबी के हिमालय संग्रहालय में 12 दिनी प्रदर्शनी शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता



लंबे संघर्ष और जनआंदोलन के परिणामस्वरूप 9 नवंबर 20000 को उत्तराखण्ड अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के लिए वर्ष 1994 में हुए ऐतिहासिक जन आंदोलन की यादें आज भी हर उत्तराखण्डवासी के हृदय में जीवित हैं। अलग राज्य की मांग को लेकर हजारों आंदोलनकारियों ने सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया। इस आंदोलन में खटीमा, मसूरी और मुजफ्फरनगर जैसी घटनाएं उत्तराखण्ड के इतिहास में कभी न भुलाई जाने वाली त्रासदियां बन गईं।

बता दें कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के इतिहास विभाग के हिमालय संग्रहालय द्वारा प्रदर्शनी में राज्य आंदोलन के ऐतिहासिक छायाचित्रों, शहीदों के बलिदान और आंदोलनकारियों के संघर्ष को प्रदर्शित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के वास्तविक इतिहास से परिचित कराना तथा शहीदों के सपनों के उत्तराखण्ड के निर्माण की प्रेरणा देना है। 9 नवंबर 2000 को उत्तराखण्ड अलग राज्य बना लेकिन इस राज्य की नींव में आंदोलनकारियों का संघर्ष और शहीदों का अमूल्य बलिदान समाहित है। इस बलिदान की याद में इतिहास विभाग के हिमालय संग्रहालय डीएसबी परिसर नैनीताल द्वारा विशेष रूप से पृथक उत्तराखण्ड राज्य के दौरान शहीद हुए आन्दोलनकारियों की स्मृति में 19 नवंबर से 30 नवंबर 2026 (12 दिवसीय) तक शहीदों के छायाचित्रों व अन्य आयामों पर प्रकाश डाला जा रहा है।

संग्रहालय में रखे पत्रों व छायाचित्रों का बीरबार को दर्जनों विद्यार्थियों, गुरुजनों व शोधार्थियों के साथ ही आगन्तुकों ने अवलोकन किया साथ ही आगन्तुकों का कहना है कि यहां पर रखे छायाचित्र अति दुर्लभ व महत्वपूर्ण होने के साथ ही संग्रहालय में रखी अन्य सामग्री भी हमारे इतिहास को जानने का महत्वपूर्ण साधन है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग प्रो. संजय कुमार टम्टा, संग्रहालय प्रभारी प्रो. सावित्री कैड़ा जन्तवाल, प्रो. संजय भिलिंडियाल, प्रो. रीतेश साह, डा. शिवानी रावत, डा. मनोज बाफिला, डा. पूरन सिंह अधिकारी, डा. भुवन चन्द्र शर्मा, डा. हरदयाल सिंह जलाल, डा. विरेन्द्र पाल, डा. शिवराज सिंह कपकोटी, अनूप कुमार, भुवन पाठक, नौरज बिष्ट, रोहित भाकुनी तथा किशोर जोशी सहित अनेको शोधार्थी व छात्र उपस्थित रहे।

किसान-वैज्ञानिक संगोष्ठी: पहाड़ में जैव प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप संभावनाओं पर मंथन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि जैव प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। स्थानीय संसाधनों और आधुनिक तकनीक के समन्वय से किसानों और पशुपालकों की आर्थिकी को मजबूत किया जा सकता है।

यह बात बुधवार को पटवाडांगर स्थित उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित किसान वैज्ञानिक संगोष्ठी में वैज्ञानिकों ने कही।राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने पहाड़ की महिलाओं के कठिन परिस्थितियों में किए जाने वाले परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों की समस्याएं अलग अलग हैं। पहाड़ में पर्यावरण अपेक्षाकृत स्वच्छ है जबकि बड़े शहरों में प्रदूषण के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर बढ़ रहा है। उन्होंने महिलाओं से बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। डॉ. कुमार ने किसानों को गाय और भैंस की विभिन्न प्रजातियों में होने वाली बीमारियों, उनके लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने पहाड़ी बद्री गाय के दूध की गुणवत्ता पर विशेष चर्चा करते हुए पशुपालन को स्थानीय आर्थिकी का मजबूत आधार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने उत्तराखंड के लोगों के साहस, देशप्रेम और सामाजिक एकजुटता की सराहना करते हुए 'जय जवान, जय किसान- जय विज्ञान और जय अनुसंधान के संदेश को आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही पटवाडांगर केंद्र के इतिहास एवं विकास और यहां किए जा रहे शोध कार्यों की जानकारी दी। परिषद के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन ने कहा कि आने वाले दशक में उत्तराखंड विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति करेगा। संचार क्रांति और सड़क एवं हवाई संपर्क के विस्तार से राज्य में विकास के नए रास्ते खुले हैं। आधुनिक सूचना तकनीक ने व्यापार को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध उत्तराखंड में जैव प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं।कार्यक्रम के अंत में पटवाडांगर केंद्र के प्रभारी एवं परिषद के वैज्ञानिक डॉ. सुमित पुरोहित ने आभार व्यक्त किया।



27 छात्रों ने हासिल किया हिमानी एडवेंचर रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद पिथौरागढ़ द्वारा प्रायोजित हिमानी एडवेंचर द्वारा संचालित छह दिवसीय रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण का जौलजीबी के गोरी नदी के किनारे विजय यात्रा कैंप परिसर में बीरवार को पौधारोपण व पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया । हिमानी एडवेंचर के अध्यक्ष व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने कहा कि प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर पौधा रोपण अभियान के 856वें दिन समापन से पूर्व विजय यात्रा कैंप परिसर में पौधारोपण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग पिथौरागढ़ द्वारा प्रायोजित हिमानी एडवेंचर डीडीहाट द्वारा संचालित 12 नवंबर से चले 6 दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 27 छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों को जहां काली व गोरी नदी में राफ्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया वहीं इन्हें आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई तथा हिमालय बचाओ अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम व पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ा गया।

समापन के अवसर पर रिवर गाइडो द्वारा प्रत्येक छात्र को पौधे के साथ पुरस्कार कार्यक्रम के तहत प्रत्येक छात्र को एक पौधा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र व टैकस्पूट दिए गए।कार्यक्रम में विजय यात्रा कैंप के संचालक विजय पाल, रिवर गाइड मनोहर सिंह ऐरी, विनोद धामी, पद्म सिंह, राजेंद्र सिंह, अजय धामी, नवीन राना, दमन, निक्कू, दिव्यांशु व धीरज पानू ने सहयोग दिया।

वन अनुसंधान रेंज गाजा ज्योलिकोट ने लिया पदम संरक्षण का संकल्प

गाजा/ज्योलिकोट

हमारे संवाददाता

वन अनुसंधान रेंज गाजा ज्योलिकोट द्वारा पदम महोत्सव -2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय गाजा के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों, ग्रामसभा के ग्रामीणों तथा वन विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पद्म वृक्ष के वैज्ञानिक, पारिस्थितिक एवं औषधीय महत्व तथा इसके संरक्षण की आवश्यकता पर आधारित परिचयात्मक सत्र से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या, वन क्षेत्राधिकारी एवं अनुसंधान सहायक योगेश चंद्र त्रिपाठी ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को पदम वृक्ष की विशेषताओं, जैव विविधता में इसकी भूमिका तथा पदम महोत्सव के उद्देश्यों से अवगत कराया।महोत्सव के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिताए श्पीपे को जानें और महसूस करें तथा श्पदम बचाने की शपथश् जैसी रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गईं। चित्रकला प्रतियोगिता में सिद्धि आर्या ने प्रथम, पूर्वी आर्या ने द्वितीय तथा हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर पाई जाने वाली देशज वृक्ष प्रजातियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों एवं ग्रामीण समुदाय को प्रकृति और जैव विविधता संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए पदम सहित स्थानीय वनस्पतियों के संरक्षण का संदेश दिया।



NEWS / फटाफट

इगास पर्वः नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन स्थगित

नैनीताल । द नैनीताल जिमखाना एवं जिला क्रीड़ा संघ नैनीताल द्वारा शुक्रवार (आज) को आयोजित होने वाला नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन समारोह इगास पर्व के चलते स्थगित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति न्यायाधीश आलोक मेहरा तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में सीएम के सचिव व कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को आमंत्रित किया गया था।द नैनीताल जिमखाना एवं जिला क्रीड़ा संघ के महासचिव मनोज जोशी ने बताया कि शुक्रवार (आज) इगास पर्व के चलते उद्घाटन समारोह को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष ध्यानी आज धरने को देंगे समर्थनः उपाध्याय

नैनीताल । उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी द्वारा बुद्ध पार्क हल्द्वानी में स्थाई राजधानी गैरसैंण घोषित करने की मांग को लेकर पूर्व आईएएस विनीत रतूड़ी की अगुवाई में चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन किया है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय महासचिव दिनेश उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार (आज) को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी अपने पदाधिकारियों के साथ हल्द्वानी में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक स्थाई राजधानी गैरसैंण घोषित करने की मांग को लेकर धरना स्थल पर धरने पर बैठेंगे। दिनेश उपाध्याय ने राज्य समर्थकों व आम लोगों से धरना स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रत्यावेदन प्रस्तुत करें: हाईकोर्ट

नैनीताल । हाईकोर्ट ने सीमांत इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी के पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. धीरेंद्र गंगवार व अन्य की याचिकाओं का निस्तारण कर उन्हें अपनी मांगों के संबंध में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रत्यावेदन देने को कहा है । इन याचिकाओं की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई ।

22 नवंबर को देहरादून में जुटेंगी सैकड़ों आशाएं

नैनीताल । न्यूनतम वेतन, पेंशन, नियमितीकरण और कर्मचारी का दर्जा देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर उत्तराखंड की आशा कार्यकर्ता 22 नवंबर (रविवार) को देहरादून में रैली और धरना प्रदर्शन करेंगी। एकटू के आह्वान पर आयोजित इस रैली में उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की ओर से प्रदेशभर की सैकड़ों आशाएं शामिल होंगी। यूनियन मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांगों के समाधान की मांग करेगी। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि आशाएं लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही हैं।

स्कूली बच्चों को लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने किया ड्रेस वितरण



नैनीताल । लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने बीरवार को आज सीआरएसटी इंटर कॉलेज में 50 छात्रों को ड्रेस वितरण की। कार्यक्रम में शेरवुड कॉलेज के प्रधानाचार्य अमनदीप सेंधु का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने कहा लेक सिटी क्लब पिछले 15 सालों से नगर में सामाजिक, धार्मिक, रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करता रहा है। उन्होंने कहा क्लब ने सामाजिक सेवा का जो बीड़ा उठाया है उसमें शेरवुड कॉलेज क्लब को हर संभव मदद करेगा। सीआरएसटी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने क्लब के कार्यक्रमों की प्रसन्नता करते हुए कहा कि स्थापना के बाद से ही क्लब ने नगर में अपनी विशेष पहचान बनाई है। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी, सचिव डा. प्रगति जैन कार्यक्रम संयोजक प्रेमा अधिकारी तथा सह संयोजक दीपिका बिनवाल, हेमा भट्ट, गीता शाह, रानी शाह, मंजू बिष्ट, विनीता पांडे,आभा शाह, दीपा पांडे, ज्योति ढौंडियाल, रमा भट्ट, रमा लोहनी, विमलेश गोस्वामी, रेखा पंत, भावना शाह, तनु सिंह, अमिता शेरवानी, सोनू शाह, निवेदिता मेहरोत्रा आदि मौजूद रही। संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया।

अपर मालरोड शक्ति केंद्र में भाजपा का सम्मेलन, अभियान तेज करने का आह्वान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नैनीताल नगर मंडल के अपर मालरोड शक्ति केंद्र में सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य श्रीमती विमला अधिकारी मुख्य अतिथि तथा जिला पंचायत सदस्य भवाली यशपाल आर्या मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता यशपाल आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है,यहां प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पार्टी में एक सामान्य कार्यकर्ता को भी उसकी मेहनतए समर्पण और कार्यक्षमता के आधार पर महत्वपूर्ण दायित्व मिल सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा आगामी चुनावों में विजय के संकल्प के साथ जुटने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं।

उन्होंने जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर पूरन मेहरा, सभासद एवं शक्ति केंद्र संयोजक पूरन बिष्ट, विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक भारत सिंह मेहरा, शक्ति केंद्र प्रभारी विक्रम राठौर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमिता साह, मंडल मंत्री प्रदीप कुमार महिला मोर्चा महामंत्री मीरा बिष्ट, नीरू पुजारी, रेखा जोशी, आयुष भंडारीए बूथ अध्यक्ष मनोहर कार्की एवं विजय कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

झील में मिले अधेड़ के शव की दो दिन बाद शिनाख्त

नैनीताल। नगर के ठंडी सड़क पर पाषाण देवी मंदिर के समीप झील में मिले अधेड़ के शव की दो दिन बाद शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान स्टाफ हाउस निवासी 46 वर्षीय रमेश चन्द्र आर्य के रूप में हुई है। पुलिस ने पहचान की पुष्टि होने के बाद परिजनों को सूचना दे दी है।

बता दें कि बुधवार दोपहर पाषाण देवी मंदिर के समीप झील में एक अधेड़ व्यक्ति का शव उतराता मिला था। शव की सूचना नाव संचालक द्वारा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने नाव चालक की मदद से शव को झील से बाहर निकाला और बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। वही शव के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज या सामग्री नहीं मिलने के कारण शुरुआत में मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। इसके बाद पुलिस ने जिले के अन्य थानों और कोतवालियों से संपर्क कर गुमशुदगी की सूचनाओं का मिलान किया।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

हिंसा वाले रक्षक नहीं

कई मामलों की जांच से पता चला कि डेयरी का व्यवसाय करने वाले गोवंश को पालने और दूध बेचने के लिए खरीदकर ले जा रहे थे। रास्ते में भीड़ ने वाहन को रोका और पशुपालकों की हत्या कर दी। ऐसे मामले सामने आने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कथित गोवंश रक्षकों को कानून हाथ में नहीं लेने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री की चेतावनी के बाद काफी समय तक घटनाओं पर रोक लग गई थी, लेकिन अब फिर ऐसे मामले बढ़ रहे हैं।

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों को संविधान की मूल अवधारणा के अनुसार धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के विरोधी राजनीतिक दल धर्म विशेष से भाजपा को जोड़ने का षडयंत्र रचते रहे हैं। कुछ संगठनों से जुड़े लोग सनातन के कथित ठेकेदार बनकर अमर्यादित व्यवहार के साथ कानून व्यवस्था बिगाड़ने पर उतारू हैं। रामनगर कोतवाली क्षेत्र के छोई गांव और कालाढूंगी के बैलपड़ाव में प्रतिबंधित मांस ले जाने की आशंका पर मांस से लदे दो वाहनों में से एक के चालक को भीड़ ने बेरहमी से पीटा और एक वाहन में पुलिस चौकी में पुलिस के सामने तोड़फोड़ की। हाईकोर्ट ने वीडियो में आरोपियों के चेहरे साफ दिखने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने के लिए पुलिस को फटकार लगाई। यह सिर्फ एक मामला नहीं है। हल्द्वानी में गोमांस को लेकर हिंसा हुई है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद गोहत्या और गोमांस को लेकर पूरे देश में हिंसक घटनाएं हुईं। वाहन में पशुओं को ले जाने वालों को रोककर गोवंश का हत्यारा बताकर पीट-पीट कर मार डाला। कई मामलों की जांच से पता चला कि डेयरी का व्यवसाय करने वाले गोवंश को पालने और दूध बेचने के लिए खरीदकर ले जा रहे थे। रास्ते में भीड़ ने वाहन को रोका और पशुपालकों की हत्या कर दी। ऐसे मामले सामने आने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कथित गोवंश रक्षकों को कानून हाथ में नहीं लेने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री की चेतावनी के बाद काफी समय तक घटनाओं पर रोक लग गई थी, लेकिन अब फिर ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। गोवंश और सनातन धर्म के कथित समर्थक सनातन धर्म के रक्षक साबित नहीं हो रहे हैं। ऐसे तत्वों से सनातन धर्म को हानि पहुंच रही है। गोवंश की रक्षा की आड़ में चेहरा चमकाने वाले भाजपा को बदनाम करने वालों के मददगार बन रहे हैं। शासन और प्रशासन के साथ भाजपा संगठन को जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। इस मामले में दो पहलू हैं। पहले तो यह पता लगाया जाये कि गोवंश रक्षकों का संबंध भाजपा अथवा उसके सहयोगी संगठनों से है या नहीं? यदि वह सनातन संगठन के हैं और सिर्फ चर्चित होने के लिए गोवंश रक्षक बन रहे हैं तो उन्हें भाजपा संगठन तथा प्रशासन अनुशासित करे। दूसरा पहलू यह है कि भाजपा और सनातन धर्म की छवि धूमिल करने के लिए विरोधी पार्टियों से जुड़े लोग तो गोवंश के कथित समर्थक बनकर हिंसक घटनाएं नहीं कर रहे हैं? दोनों तरीकों से गोवंश की आड़ में हिंसा पर नियंत्रण किया जा सकता है।

जल जनित रोग: उत्कृष्ट कार्य पर मिला सम्मान

उपचार में सराहनीय योगदान देने वाली स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण और सेवा भाव की मुक्त कंठ से प्रशंसा की



नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लॉक सभागार में बीरवार को आयोजित जनसंवाद दिवस के अवसर पर समाज के प्रति अपनी उत्कृष्ट और निःस्वार्थ सेवाएं देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा आशा कार्यकत्रियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने सभी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान विशेष रूप से ज्योलिकोट क्षेत्र में जल जनित बीमारियों की रोकथाम व जन-जागरूकता और समय पर उपचार में सराहनीय योगदान देने वाली स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण और सेवा भाव की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई।

ब्लॉक प्रमुख डॉ. बिष्ट ने कहा कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य, टीकाकरण और पोषण से जुड़ी सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण और सराहनीय है। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सेवानिवृत्त वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के साथ सभागार में मौजूद दूर-दराज के ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों की जनसमस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलड़िया, जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, ग्राम प्रधान लक्ष्मण गंगोला, जया बोहरा, जितेंद्र चनौतिया, राधा कुल्याल, ममता दुमका, शेखर भट्ट, जानकी आर्य, ललिता मलाड़ा, हेमा आर्य, खंड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. हेमंत मार्तोलिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

ज्योलीकोट में महिला का एटीएम कार्ड लेकर भागे चोर

नैनीताल । नगर के तल्लीताल कोतवाली क्षेत्र के तहत कृष्णापुर दुर्गापुर क्षेत्र से बीरवार की शाम करीब साढ़े चार बजे के आसपास एक महिला एटीएम से पैसा निकालने के लिए ज्योलीकोट गई, जब उसने एटीएम के अंदर जाकर कार्ड मशीन में डाला तो मशीन ने उसका नंबर नहीं लिया। इस दौरान एटीएम के अंदर खड़े अन्य दो लड़के यह प्रक्रिया देख रहे थे।

उनमें से एक लड़का बोला मैडम दूसरी मशीन में ट्राई करो मेरा एटीएम दूसरी मशीन में चल रहा है, तभी उसने उसका कार्ड मशीन में डाला और कोड नंबर डालने को बोला जैसे ही कोड नंबर डाला गया उसने कोड नंबर देखा और एटीएम कार्ड लेकर भाग गया। उसके साथ एटीएम के अंदर एक लड़का और था एक अन्य बाहर सफेद रंग की स्कूटी पर बैठा था। तीनों स्कूटी से हल्द्वानी काठगोदाम की तरफ भागे। महिला ने चोर- चोर पुकारते हुए हल्ला किया लेकिन वह भाग खड़े हुए। बदहवास महिला ज्योलीकोट चौकी पहुंची, तुरंत उसने घटना की सूचना दी।

महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिये चिया ने दिया चार दिवसीय डिजिटल सखी प्रशिक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल तकनीक से जोड़ने और उन्हें सरकारी सेवाओं एवं डिजिटल वित्तीय लेनदेन के प्रति सक्षम बनाने के उद्देश्य से सेंट्रल हिमालयन एनवायरनमेंट एसोसिएशन चिया के मुख्यालय नैनीताल में चार दिवसीय डिजिटल सखी प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यूएनडीपी के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण 16 नवंबर को शुरू हुआ था। इसमें अल्मोड़ा जनपद की ग्राम पंचायत बजोना,ग्वालाकोट, बमस्यूं एवं ईड़ा की ग्रामीण महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारंभ 16 नवंबर को यूएनडीपी के प्रतिनिधि डॉ. प्रदीप मेहता एवं काव्या मोहन की उपस्थिति में हुआ। महिलाओं को डिजिटल तकनीक के प्रति जागरूक करनेए सरकारी सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने, डिजिटल वित्तीय लेनदेन में सक्षम बनाने तथा स्वरोजगार एवं आजीविका के नये अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम चरण का गुरुवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के दौरान चिया के विशेषज्ञों ने स्मार्टफोन के बुनियादी उपयोगए मोबाइल सेटिंग्सए सामान्य तकनीकी समस्याओं का समाधान और व्हाट्सऐप के विभिन्न फीचर्स की जानकारी दी गयी। महिलाओं को जीमेल खाता बनानेए ई.मेल लिखने तथा डिजिटल लॉकर पर खाता खोलकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। यूएनडीपी के सुमित सोनी एवं सत्य प्रिया ने महिलाओं को ध्यापणी सरकारए पोर्टल और उमंग ऐप की जानकारी देने के साथ इनके उपयोग का अभ्यास कराया। मौसम एवं आपदा संबंधी पूर्व जानकारी के लिए मेघदूत और दामिनी ऐप से भी परिचित कराया गया। इसके अतिरिक्त कॉमन सर्विस सेंटर ;सीएससीद्ध की ऑनलाइन बुकिंग्स मनरेगाए बीबी.जी राम जीए एसएमएएम योजना और ड्रोन दीदी पहल के बारे में जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान साइबर सेल के निरीक्षक बोएल कुशवाह ने डिजिटल सुरक्षाए साइबर धोखाधड़ी और ऑनलाइन माध्यमों पर महिलाओं की सुरक्षा विषय पर विशेष सत्र लिया। उन्होंने साइबर अपराधों से बचावए सुरक्षित डिजिटल लेनदेनए व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाये रखने और आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं मंगोली स्थित कॉमन सर्विस सेंटर के संचालक आनंद मेहरा ने सोएससी के संचालन तथा इसके माध्यम से मौजूदा विभिन्न सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी। चिया के प्रभारी अधिशासी निदेशक कुंदन बिष्ट ने कहा कि डिजिटल सखी प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए चिया के अवैतनिक सचिव प्रो. आशीष तिवारी ने डिजिटल साक्षरता एवं सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार रखे। कार्यशाला का संचालन यूएनडीपी के डॉ. प्रदीप मेहता, काव्या मोहन और चिया की परियोजना सहायक मनीषा पंत ने किया। इस अवसर पर चिया की दीपा उपाध्याय, धीरज जोशी, बिनीता वर्मा, पंकज बर्त्वाल व राम सिंह और नीमा गैरोला भी उपस्थित रहे।

फिल्मी दुनिया

सितारों की एक झलक को उमड़ा जनसैलाब, जिले में फिल्म की शूटिंग करने का वादा



अभिनेता इमरान हाशमी ने कहा कि वह मुंबई जाकर फिल्म प्रोड्यूसर से जौनपुर में फिल्म की शूटिंग कराने की बात करेंगे। वहीं, अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने लोगों का अभिवादन करते हुए कहा, नमस्ते जौनपुर, आई लव यू। दोनों सितारों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बॉलीवुड सितारों की एक झलक पाने के लिए बृहस्पतिवार को मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज का मैदान प्रशंसकों से खचाखच भर गया। फिल्म गन मास्टर जी9 के प्रमोशन के लिए पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी, अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख और सह अभिनेता पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह का लोगों ने स्वागत किया। इमरान हाशमी ने जौनपुर में फिल्म की शूटिंग कराने का वादा किया तो मैदान तालियों से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि मुंबई जाकर प्रोड्यूसर से जौनपुर में फिल्म की शूटिंग कराने को कहूंगा। दोपहर बाद अभिषेक सिंह की अगुवाई में सितारों का काफिला शहर में दाखिल हुआ। पॉलीटेक्निक और वाजिदपुर तिराहे पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद काफिला जेसीज चौराहा, ओलंदगंज, चहारसू चौराहा और कोतवाली होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचा। सुबह 11 बजे से ही प्रशंसकों का जुटना शुरू हो गया था। मैदान भरने के बाद सड़क तक भीड़ लग गई। कई लोग छतों, दीवारों और पेड़ों पर चढ़कर कार्यक्रम देखते नजर आए।

27 नवंबर को सिनेमाघरों में

सितारों के पहुंचते ही इमरान-इमरान के नारों से मैदान गूंज उठा। मंच से इमरान ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया और कहा कि जौनपुर के लोगों का इतना प्यार और उत्साह देखकर दिल खुश हो गया। यहां के लोगों का प्यार कभी नहीं भूल सकता। जल्द दोबारा जौनपुर आने का भी वादा किया। वहीं, अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने नमस्ते जौनपुर, आई लव यू कहकर लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने यहां के अपनापन और उत्साह की सराहना की। सह अभिनेता अभिषेक सिंह ने युवाओं से 27 नवंबर को सिनेमाघरों में फिल्म देखने की अपील की।

बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया



नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में बीरवार को बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में प्रो. ललित मोहन तिवारी ने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न पहलुओं तथा भारत में इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पेनी जोशी ने किया।

व्याख्यान के दौरान प्रो. तिवारी ने भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनों पर प्रकाश डालते हुए कॉपीराइट अधिनियम, ट्रेडमार्क अधिनियम, पेटेंट अधिनियम, डिजाइन अधिनियम तथा भौगोलिक संकेतक अधिनियम की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पौध किस्मों एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, जैव विविधता अधिनियम और व्यापार रहस्य से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी बताया। उन्होंने मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, सोचने व समझने की क्षमता और रचनात्मक विचारों के विकास पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि मानव मस्तिष्क नए विचारों और नवाचारों का स्रोत है जिनका उपयोग समाज एवं विश्व के कल्याण के लिए किया जा सकता है। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अपनी रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से ऐसे नवाचार विकसित करें जो मानव जीवन को बेहतर बनाने तथा वैश्विक समस्याओं के समाधान में सहायक हों। कार्यक्रम में डॉ. गीता तिवारी, डॉ. दीपक आर्य, डॉ. नवीन, डॉ. नंदन, डॉ. स्मृति एवं डॉ. इकराम सहित वनस्पति विज्ञान एवं वानिकी विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

News कॉर्नर

पूर्व पीएम स्व.इंदिरा गांधी के साहसिक निर्णयों को रखा जाएगा हमेशा याद:अनुपम

नैनीताल । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 109वीं जयंती पर पूर्व अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल अनुपम कबडवाल ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।



पूर्व अध्यक्ष अनुपम कबडवाल ने लौह महिला स्व. इंदिरा गाँधी को याद करते कहा कि उनके द्वारा हरित क्रांति की सुविधा, निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पूर्वी पाकिस्तान को युद्ध के जरिये अलग कर बांग्लादेश की आजादी, शिमला समझौता तथा सफल विदेश नीति आदि साहसिक निर्णयों के लिए कृतज्ञ राष्ट्र हमेशा आयरन लेडी को याद करेगा।

नैनीताल पालिका पुस्तकालय मामले में अब सुनवाई 25 को

नैनीताल । हाईकोर्ट ने नैनीताल की माल रोड स्थित ऐतिहासिक दुर्गा शाह नगरपालिका पुस्तकालय के जीर्णोद्धार में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले पर ने स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मुख्य सचिव आनन्दवर्धन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए और बताया कि मामले की जांच के लिए कुमाऊं कमिश्नर की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। लीगल सेल ने कोर्ट को अवगत कराया कि कार्यदायी संस्था एडीबी द्वारा उच्च गुणवत्ता की इमारती लकड़ी की जगह घटिया और पॉपुलर जैसी लकड़ी लगाई गई जो महज डेढ़ से तीन साल में ही फूलकर गिरने लगी और उखड़े शीशों को रस्सी से बांधना पड़ा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तारीख तय करते हुए नगर पालिका नैनीताल के अधिशासी अधिकारी और उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सीईओ को तलब किया है साथ ही राज्य सरकार व नगर पालिका से चार सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

इंडिया ऑप्टेल की प्रतियोगिता में डॉ. कंचन नेगी रहीं निर्णायक

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

हिंदी भाषा की महत्ता का गुणगान, सामाजिक विसंगतियों पर तीखे व्यंग्य और मां पिता के प्रति प्रेम एवं सम्मान की भावपूर्ण अभिव्यक्ति, रक्षा क्षेत्र से जुड़े सरकारी उपक्रम इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड में बुधवार को आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता में साहित्य, संवेदना और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। देशभर से संस्थान के कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपनी काव्य प्रतिभा और साहित्यिक अभिरुचि का परिचय दिया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविद्, रिसर्च एंड डेवलपमेंट विशेषज्ञ, मीडिया एवं कंयुनिकेशन एसपर्ट तथा



सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. कंचन नेगी की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और काव्य अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए साहित्यिक गतिविधियों में निरंतर सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कविता केवल भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम नहीं बल्कि विचारों को दिशा देनेए सामाजिक चेतना जागृत करने और मानवीय संवेदनाओं को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को बिना किसी संकोच के अपनी मौलिक रचनाएं मंच पर प्रस्तुत करने तथा अपनी साहित्यिक प्रतिभा को निरंतर निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्णायक डॉ कंचन नेगी ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कविता के भावए विषय,वस्तु,शब्द चयन, प्रभावशीलता और प्रस्तुति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा और अपने संस्थान की महत्ता पर आधारित कविताओं के माध्यम से गौरव एवं सम्मान की भावना व्यक्त की वहीं सामाजिक विसंगतियों और समसामयिक मुद्दों पर व्यंग्यात्मक रचनाओं ने श्रोताओं को सोचने पर विवश किया। मां और पिता के प्रति समर्पित भावपूर्ण कविताओं ने कार्यक्रम को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की।

प्रतियोगिता में दर्शन कुमार तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि महेंद्र सिंह कामा और कमल उप्रेती संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। राजमोहन पांडेय ने तृतीय स्थान हासिल किया। ऋषिदेव आर्य, अरुण कश्यप, मीनू बतरा, मनोज कुमार पसबोला और वीएस चौधरी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन प्रभारी राजभाषा आदित्य भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर संस्थान के उप महाप्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी विवेक कौशिक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विवेक कौशिक ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों निर्णायक मंडल के सदस्यों और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।प्रतियोगिता का उद्देश्य संस्थान में हिंदी भाषा के प्रचार.प्रसार को बढ़ावा देने के साथ कर्मचारियों की साहित्यिक अभिरुचिए रचनात्मक क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि साहित्य और कविता न केवल व्यक्तिगत भावनाओं की अभिव्यक्ति हैंए बल्कि सामाजिक सरोकारोंए सांस्कृतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को जीवंत बनाए रखने का सशक्त माध्यम भी हैं।

सात करोड़ के हनी ट्रैप मामले में व्यापारी को धमकियां, एसएसपी के रडार पर आरोपी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सात करोड़ रुपये के कथित हनी ट्रैप ने पुलिस महकमे को भी गंभीर जांच में झोंक दिया है। स्टोन क्रशर कारोबारी को कथित तौर पर जाल में फंसाकर करोड़ों रुपये वसूलने और धमकियों के जरिए दबाव बनाने के मामले में अब आरोपियों के मोबाइल सर्विलांस पर हैं। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने खुद मामले की निगरानी शुरू कर दी है। सीधे निर्देशों पर जांच आगे बढ़ रही है, वहीं ब्लैकमेलिंग के पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

मानसिक तनाव में टूट चुके कारोबारी जब एसएसपी के पास मौखिक शिकायत लेकर पहुंचे तो पुलिस ने मामले को सामान्य शिकायत मानकर टालने के बजाय गंभीरता से लिया। एसएसपी ने पहले दिन व्यापारी की काउंसलिंग की। भरोसे में आने के बाद व्यापारी ने घर जाकर पत्नी और परिजनों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। दूसरे दिन एसएसपी ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया और पुलिस के साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। इसके बाद पीड़ित प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आगे आया।



आरोप

- स्टोन क्रशर कारोबारी को जाल में फंसाने का आरोप
- मोबाइल सर्विलांस पर, एसएसपी ने संभाली कमान

एसएसपी की दो टूकः हनी ट्रैप के शिकार चुप न रहें

एसएसपी ने ऐसे पीड़ितों से सामने आने की अपील की है, जो हनी ट्रैप या ब्लैकमेलिंग का शिकार होकर डर अथवा बदनामी के भय से चुप बैठे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ितों की गोपनीयता बनाए रखी जाएगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ पीड़ित को हरसंभव सहायता दी जाएगी।

व्यापारी के मोबाइल में महिला आरोपी की ओर से भेजे गए धमकी भरे संदेश, पैसों की मांग से जुड़ी चैट, रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्य मिले हैं। पुलिस अब बैंक खातों से लेकर संपत्तियों की रजिस्ट्री और पेट्रोल पंप को लेकर बनाए गए दबाव तक की पड़ताल कर रही है। आरोपियों के मोबाइल सर्विलांस पर डालकर उनकी गतिविधियों और संपर्कों पर नजर रखी जा रही है।

सात करोड़ का कथित खेल, धमकियों का दबाव और अब सर्विलांस की नजर—इस मामले में पुलिस की जांच किस मोड़ पर पहुंचती है, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

वियतनाम में एटीएम से निकाला '1 करोड़' सोशल मीडिया पर मचा हल्ला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एटीएम से एक करोड़ रुपये निकालने की बात सुनकर किसी के भी कान खड़े हो जाएं, लेकिन हल्द्वानी के चर्चित यूट्यूबर सौरव जोशी के मामले में करोड़ों का वह आंकड़ा भारतीय रुपये का नहीं, बल्कि वियतनाम की करेंसी का है।

पत्नी अर्वीतिका और परिवार के साथ वियतनाम की सैर पर निकले सौरव के व्लॉग ने सोशल मीडिया पर ऐसा भ्रम पैदा किया कि लोग एक करोड़ रुपये की निकासी समझ बैठे, जबकि हकीकत में रकम करीब 36 हजार भारतीय रुपये बैठती है। वियतनाम पहुंचते ही पत्नी अर्वीतिका ने एटीएम से एक करोड़ वियतनामी डोंग निकाले। भारतीय मुद्रा में इसकी कीमत करीब 36,212 रुपये है। वियतनाम की मुद्रा डोंग में बड़ी संख्या देखकर भारतीयों को करोड़पति होने का अहसास जरूर हो सकता है, लेकिन रुपये में हिसाब लगाएं तो यह रकम उतनी ही है जितनी एक सामान्य विदेशी यात्रा के खर्च का हिस्सा हो सकती है। व्लॉग में परिवार के होटल प्रवास का खर्च भी 1 करोड़ 75 लाख डोंग बताया गया है। सुनने में यह रकम किसी आलीशान सौदे जैसी लगती है, मगर भारतीय मुद्रा में करीब 63 से 64 हजार रुपये के आसपास है। दो दिन के होटल प्रवास का यह खर्च सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया।

सौरव जोशी पत्नी अर्वीतिका और भाइयों पीयूष व साहिल के साथ पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर वियतनाम पहुंचे हैं। हनोई की ट्रेन स्ट्रीट, क्रूज, बोटिंग और नाइट मार्केट के नजारे उनके व्लॉग में दिखाई दे रहे हैं। एक करोड़ रुपये निकालने वाले शीर्षक ने वीडियो को और चर्चा में ला दिया। यात्रा के दौरान कयाकिंग करते समय भाई पीयूष का करीब 2.20 लाख रुपये का मोबाइल फोन और 360 कैमरा पानी में गिरने की घटना भी सामने आई। दोनों उपकरणों की कुल कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। विदेश घूमने का रोमांच जहां लाखों डोंग के खर्च और करोड़ों के आंकड़ों से सोशल मीडिया पर छाया है, वहीं पानी में गिरे महंगे गैजेट्स ने ट्रिप को एक महंगा झटका भी दे दिया। एक करोड़ का आंकड़ा, 36 हजार रुपये की हकीकत—वियतनाम की करेंसी ने सोशल मीडिया पर लोगों को कुछ पल के लिए करोड़पति जरूर बना दिया।

कहीं मां की ममता लूटी, कहीं बैंक खाते पर डाका, साइबर ठगों ने हल्द्वानी में मचाई लूट

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

साइबर अपराधियों ने अब ठगी के लिए न रिश्तों को छोड़ा है और न ही लोगों की जिंदगीभर की जमा-पूंजी को। कहीं मां की ममता को हथियार बनाकर बेटे की जान खतरे में होने का डर दिखाया जा रहा है तो कहीं बैंक खातों में सेंध लगाकर लाखों रुपये उड़ाए जा रहे हैं। हल्द्वानी में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पहले मामले में ठगों ने मध्य प्रदेश में पढ़ रहे बेटे को कस्टडी में बताकर मां से 1.15 लाख रुपये ऐंठ लिए, जबकि दूसरे मामले में एक महिला के केनरा बैंक खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 2.42 लाख रुपये से अधिक की रकम निकाल ली गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बनभूलपुरा के आजाद नगर निवासी नाहिद परवीन पत्नी रफीकुद्दीन के पास 15 नवंबर को एक फोन आया। कॉल करने वाले ने पहले बेटे के मध्य प्रदेश में पढ़ने की जानकारी ली। जैसे ही महिला ने हामी भरी, फोन करने वाले ने दावा कर दिया कि उनका बेटा उसकी कस्टडी में है और उसे छुड़ाने के लिए 1.75 लाख रुपये देने होंगे। महिला ने बेटे से बात कराने को कहा तो दूसरी ओर से एक युवक की रोती हुई आवाज सुनाई दी। वह अम्मी से बचाने की गुहार लगा रहा था और कह रहा था कि ये लोग उसे मार डालेंगे। बेटे की आवाज सुनकर मां घबरा गई। ठगों ने फोन न काटने और जल्द पैसे भेजने का दबाव बनाया। बेटे को बचाने की बेचैनी में महिला ने रिश्तेदारों से उधार लिया और एक-दो घंटे के भीतर अलग-अलग माध्यमों से 1.15 लाख रुपये भेज दिए।

पीड़िता की शिकायत पर 19 नवंबर को बनभूलपुरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच उपनिरीक्षक ज्योति कोरंगा को सौंपी गई है।

दूसरे मामले में साइबर अपराधियों ने नवाबी रोड निवासी पूनम धरियाल बिष्ट पत्नी आनंद सिंह के बैंक खाते को निशाना बनाया। पीड़िता के मुताबिक, अज्ञात साइबर ठगों ने उनके केनरा बैंक की मुखानी शाखा के खाते से 2,42,550.69 रुपये निकाल लिए। हैरानी की बात यह रही कि पूरी रकम एक साथ नहीं, बल्कि तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए निकाली गई। खाते से रकम गायब होने की जानकारी मिलते ही महिला ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बैंक खाते का विवरण और बैंक को दी गई शिकायत की प्रतियां भी पुलिस को सौंपीं। इसके बाद 19 नवंबर को हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच उपनिरीक्षक संजीत कुमार को सौंपी गई है।

14वें दिन भी लापता छात्र अर्णव का नहीं मिला सुराग

नैनीताल । नैना पीक की ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए बीटेक छात्र अर्णव सिंह का 14वें दिन भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस, एसडीआरएफ और वन विभाग की टीमें लगातार तलाश में जुटी हैं लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद अर्णव का पता नहीं चल पाया है। बेटे की एक झलक पाने की उम्मीद में नैनीताल में डेरा डाले परिजनों का इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है। पुलिस अब तक अर्णव के साथ ट्रेकिंग पर साथ गए दोस्तों से पूछताछ कर चुकी है।

क्रिकेट का बिगुल: 30 नवंबर से अंडर-14 लीग, 25 तक खुला पंजीकरण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

क्रिकेट में प्रतिभा दिखाने की उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन मौके की तलाश बड़ी होती है। नैनीताल जिले के युवा क्रिकेटरों के लिए अब बल्ले और गेंद से अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलने जा रहा है।

जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन अंडर-14 बालक जिला क्रिकेट लीग 2026-27 की शुरुआत 30 नवंबर से करने जा रहा है। लीग में उतरने के इच्छुक खिलाड़ियों, क्लबों और क्रिकेट अकादमियों के लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 25 नवंबर तय की गई है। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपने के मुताबिक, प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी पात्र होंगे जिनकी जन्मतिथि की कटऑफ एक सितंबर 2012 निर्धारित की गई है। क्लब और क्रिकेट अकादमियां अपनी टीमों का पंजीकरण एसोसिएशन कार्यालय में करा सकती हैं। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि क्रिकेट को किसी क्लब या अकादमी से जुड़े होना अनिवार्य नहीं है। ऐसे खिलाड़ी भी, जो किसी टीम में पंजीकृत नहीं हैं या व्यक्तिगत तौर पर क्रिकेट खेलते हैं, सीधे जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन कार्यालय पहुंचकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। एसोसिएशन ने जिले के सभी पात्र खिलाड़ियों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की है, ताकि मैदान पर उतरने से पहले कागजी औपचारिकताओं के चलते किसी युवा खिलाड़ी का मौका न छूटे। अब देखना होगा कि जिले की इस अंडर-14 लीग से कितनी नई प्रतिभाएं अपनी क्रिकेट की पहचान बनाने में सफल होती हैं।

आखिर जनता के संघर्ष के आगे झुका विभाग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महीनों तक आश्वासन के भरोसे बैठी बागजाला की जनता को आखिरकार राहत मिलनी शुरू हो गई है। ग्रामीणों के लगातार विरोध और किसान महासभा के आंदोलन के दबाव के बाद गौलापार के बागजाला में सड़क मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। इसे किसान महासभा ने ग्रामीणों की एकजुटता और लंबे संघर्ष की जीत बताया है। दरअसल, लोक निर्माण विभाग को सड़क मरम्मत के लिए 13.31 लाख रुपये का बजट आवंटित हो चुका था, लेकिन इसके बावजूद कई महीनों तक धरातल पर काम शुरू नहीं हुआ। मार्च से किसान महासभा और ग्रामीण विभाग के अधिकारियों से कई दौर की वार्ता कर चुके थे। हर बार जल्द काम शुरू कराने का भरोसा दिया गया, मगर सड़क की हालत जस की तस बनी रही। भाकपा माले के नैनीताल जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि बागजाला की जनता ने धैर्य और एकजुटता के साथ संघर्ष किया, जिसका परिणाम सड़क मरम्मत के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि इसी एकता और आंदोलन के बल पर गांव में जल जीवन मिशन की रुकी योजना को आगे बढ़ाने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटवाने और भूमि के मालिकाना हक के साथ राजस्व गांव का अधिकार हासिल करने की लड़ाई भी जारी रहेगी। इस मौके पर डॉ. कैलाश पाण्डेय, डॉ. उर्मिला रैस्वाल, बेद प्रकाश, विमला देवी, हेमा आर्य, दीवान सिंह बर्गली, मीना भट्ट, दौलत सिंह कुंजवाल, महेंद्र आर्य, हेमा देवी, दिनेश चंद्र, गोपाल सिंह बिष्ट, चंद्रप्रकाश, प्रेम सिंह नयाल, यशपाल, चंदन सिंह मटियाली, हीरा देवी, दीपा देवी, उमा और हरक सिंह बिष्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बाइक पर शराब की खेप लेकर निकला तस्कर, पुलिस ने दबोचा

हल्द्वानी। नशे और अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत चोरगलिया पुलिस ने एक और कार्रवाई की है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने शराब की खेप समेत व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 63 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष तारा सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार रंजीत सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम तिलियापुर, शक्तिफार्म, ऊधम सिंह नगर को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में बाइक से 63 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।